लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2482
06 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

आंध्र प्रदेश में टेक्सटाइल पार्क

2482. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश राज्य में कितने टेक्सटाइल पार्क बनाए जा रहे हैं;
(ख) इन वर्गीकृत परियोजनाओं की वर्ष-वार प्रगति क्या है;
(ग) इन टेक्सटाइल पार्कों को कब तक पूरा कर लिया जाएगा;
(घ) इस योजना के अंतर्गत पूरी की गई वर्गीकृत परियोजनाओं की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ङ) इन वस्त्र पार्कों की उत्पादन क्षमता कितनी है; और
(च) विगत पांच वर्षों के दौरान इन टेक्सटाइल पार्कों के अंतर्गत कितना उत्पादन किया गया है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (घ): वस्त्र क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्रालय देश भर के टेक्सटाइल हब में विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक अवसंरचनात्मक ढांचे के साथ टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना लागू कर रहा है। इस योजना को अब वर्ष 2025-26 तक चल रही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए टेक्सटाइल क्लस्टर विकास योजना (टीसीडीएस) की व्यापक योजना के अंतर्गत शामिल कर दिया गया है।

(ङ) और (च): आंध्र प्रदेश में एसआईटीपी के तहत स्वीकृत टेक्सटाइल पार्कों का विवरण इस प्रकार है:-

क्र.सं.	पार्क/जिले का नाम	स्वीकृत परियोजना लागत (करोड़ रु.)	कुल जारी अनुदान (करोड़ रु.)	डीपीआर के अनुसार प्रस्तावित इकाइयाँ (सं.)	अब तक संचालित इकाइयों की वास्तविक संख्या	पार्क की स्थिति
1	हिंदूपुर व्यापार अपैरल पार्क लिमिटेड, अनंतपुरमू	102.27	24.00	10	3	कार्यान्वयन हो रहा है
2	ब्रैंडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम	134.42	40.00	17	14	पूरा हो चुका है
3	तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क, नेल्लोर	103.44	20.00	10	3	कार्यान्वयन हो रहा है
4	गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, गुंटूर	105.12	30.00	61	9	कार्यान्वयन हो रहा है

पार्क में किसी एक इकाई द्वारा किए जा रहे उत्पादन का कोई डाटाबेस मंत्रालय में नहीं रखा जाता है।

****